# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–27 दिसंबर 2024 सान्ध्य समाचार

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के बीती रात हुए निधन के बाद से पूरे देश में शोक की लहर है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह को उनके आवास पर श्रद्धांजलि दी। बाद में एक वीडियो संदेश में श्री मोदी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन पर पूरा राष्ट्र शोक में है। उन्होंने कहा कि उनका जीवन भावी पीढी के लिए एक मिसाल है कि लोग किस तरह संघर्ष से उबरते हुए उपलब्धियों की ऊंचाई पर पहुंच सकते हैं। केंद्रीय मंत्री अमित शाह, जे पी नडडा, राजनाथ सिंह, ज्योतिरादित्य सिंधिया और कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे उन नेताओं में शामिल हैं जिन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री के निवास पर जाकर उन्हें पुष्पाजंलि अर्पित की। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार पूर्व प्रधानमंत्री का पार्थिव शरीर कल राष्ट्रीय राजधानी में कांग्रेस मुख्यालय पर लाया जाएगा, जहां लोग उन्हें श्रद्धांजलि दे पाएंगे। उनका अंतिम संस्कार भी कल किए जाने की संभावना है। उधर, प्रदेश सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री के निधन पर सात दिनों के राजकीय शोक की घोषणा की है। इस अवधि में सभी सरकारी भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा।

**********

प्रदेश सरकार रामनगरी अयोध्या को भगवान राम के वन गमन पर आधारित पंचवटी द्वीप की सौगात देने जा रही है। इसके लिए सरयू नदी के किनारे जमथरा घाट पर निलयम पंचवटी द्वीप बनाया जा रहा है। पर्यटन के लिहाज से श्रद्धालुओं के लिए टेंट सिटी, फूड हब और बच्चों के मनोरंजन के लिए भी अतिरिक्त सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। निलयम पंचवटी द्वीप में आने वाले पर्यटकों को प्रभु राम के जीवन चरित्र से जुड़े प्रसंगों की जानकारी दी जाएगी। अयोध्या विकास प्राधिकरण के वीसी अश्वनी पांडे और निलयम पंचवटी द्वीप प्रॉजेक्ट मैनेजर यादवेंद्र ने बताया कि द्वीप के निर्माण पर करीब 100 करोड़ रुपये का खर्च आएगा और यह 75 एकड़ में बनकर तैयार हो रहा है।

**********

कुशीनगर जिले में सी.एस.सी. ई–गवर्ननेंस के तहत सी.एस.सी. संचालकों को आज एन.पी.एस. का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें जिले के 100 से अधिक संचालक शामिल हुए। जिला प्रबंधक गौरव पांडेय ने बताया कि राष्ट्रीय पेंशन योजना, सभी गैर सरकारी व्यक्तियों के लिए बुढ़ापे का सहारा है। इसलिए सभी लोगों को जो सरकारी नौकरी में नहीं हैं, उन्हें इसका पंजीकरण कराना चाहिए। जिससे बुढ़ापे मे स्वयं के खर्च के लिए आत्मनिर्भरता रहे। उन्होंने बताया कि आज के प्रशिक्षण में राज्य स्तरीय प्रशिक्षकों ने एनपीएस के अलावा बैंकिंग, बिजली बिल, टेली लॉ, रेलवे, बस, लोन, बजाज क्रेडिट कार्ड/एफ डी, किसान रजिस्ट्री , सिविल के बारे में सभी सीएससी संचालकों को प्रशिक्षित किया गया।

**********

वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर आज नमामि गंगे के स्वयंसेवी सदस्यों ने स्वच्छता अभियान चलाकर आमजन को साफ सफाई की अहमियत बताई। गंगा सेवक राजेश शुक्ला ने कहा कि स्थानीय नागरिकों के साथ गंगा की स्वच्छता में पर्यटकों का जुड़ना महत्वपूर्ण कड़ी है। पौराणिक सांस्कृतिक नगरी काशी में आने वाले पर्यटक स्वच्छता अभियान से जुड़कर गंगा निर्मलीकरण में सहयोगी बन सकते हैं।

**********

मकर संक्रांति को लेकर गोरखनाथ मंदिर में लगने वाले खिचड़ी मेले में लगभग 60 प्रतिशत दुकानें व मनोरंजन के साधन लग चुके हैं। नए साल के पहले दिन से लोग खिचड़ी मेले का जमकर आनंद उठाएंगे। मेले में लगभग एक हजार छोटे बड़े दुकानदार दुकानें लगा रहे हैं।

**गोरखनाथ मंदिर में मकर संक्राति महापर्व को लेकर एक महीने तक लगने वाले खिचड़ी मेले की तैयारी जोरो से चल रही है। मनोरंजन के साधन सहित विभिन्न आइटम तेजी से लगाये जा रहे है। कुछ ही दिन पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेले की तैयारी की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये थे। जिससे श्रद्धालुओं को किसी की प्रकार की असुविधा न होने पाये। मेला एक जनवरी को ड्राइगन के साथ शुरू कर दिया जाएगा। आकाशवाणी समाचार के लिए गिरीश नारायण चौबे गोरखपुर।**

मेले में सरकारी स्टॉल एक जनवरी के बाद लगने शुरू हो जाएंगे। जगह–जगह सीसीटीवी कैमरे श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर लगाए जाएंगे। जगह–जगह अलाव की भी व्यवस्था रहेगी।

**********

पश्चिम उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में आज हुई बारिश से ठंड बढ़ गई है। बागपत, अमरोहा, गाजियाबाद, शामली सहित आसपास के अन्य जनपदों में आज सुबह से रूक रूक कर हो रही बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज हुई है। उधर, मुजफ्फरनगर में जिलाधिकारी ने बढ़ती ठंड और बारिश को देखते हुए कल कक्षा एक से आठवीं तक के सभी व़िद्यालय में अवकाश घोषित कर दिया है। मौसम विभाग ने पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में आज और कल गरज चमक के साथ बारिश और कोहरा पड़ने की संभावना जताई है।

**********